आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 03.05.2026

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में चारधाम यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ सुचारू रूप से जारी है। अब तक 6 लाख से अधिक श्रद्धालु केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन कर चुके हैं।
- स्नातक चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी आज आयोजित की जाएगी।
- पौड़ी जिले के कोट ब्लॉक क्षेत्र में एक प्राचीन सुरंग की खोज की गई, क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई की टीम ने प्रारंभिक निरीक्षण किया।
- और, देहरादून समेत राज्य के कई हिस्सों में रुक–रुककर बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी, मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी इसी तरह का मौसम बने रहने का अनुमान जताया है।

....

चारधाम यात्रा

प्रदेश में चारधाम यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ सुचारू रूप से जारी है। अब तक 6 लाख से अधिक श्रद्धालु केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन कर चुके हैं। यात्रा पर पहुंचे श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। केदारनाथ धाम में प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर ने भगवान शिव की महिमा का गुणगान कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस और प्रशासन की समर्पित सेवाओं तथा सुचारू व्यवस्थाओं की सराहना की।

बदरीनाथ की यात्रा पर पहुंचीं सुप्रसिद्ध अभिनेत्री दीप्ति भटनागर ने व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि भारी भीड़ के बावजूद यात्रा प्रबंधन अत्यंत सुगम और सुव्यवस्थित है। उन्होंने कहा कि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है।

चमोली पुलिस के अनुसार, चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारू संचालन के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं, जिससे यात्रियों को सहज और सुरक्षित यात्रा अनुभव मिल सके।

....

नीट यूजी

स्नातक चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी आज आयोजित की जाएगी। परीक्षा दोपहर 2 बजे शुरू होगी और शाम 5 बजे समाप्त होगी। नीट के सूचना बुलेटिन के अनुसार परीक्षा केंद्र में अंतिम प्रवेश दोपहर डेढ़ बजे तक होगा।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी वर्ष 2019 से नीट यूजी परीक्षा का आयोजन कर रही है। एजेंसी ने उम्मीदवारों के लिए विशिष्ट दिशानिर्देश जारी किए हैं। उम्मीदवारों को अपने प्रवेश पत्र के साथ मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड या राशन कार्ड और एक मूल फोटो पहचान पत्र के साथ लाना अनिवार्य है।

....

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस

आज विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस है। यह प्रेस की स्वतंत्रता पहलों को प्रोत्साहित करने और विकसित करने तथा विश्व स्तर पर प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति का आकलन करने का अवसर है। इस वर्ष का विषय –शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण है। इस वर्ष विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की पुष्टि करने और पत्रकारिता, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित प्रौद्योगिकी तथा मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को भविष्य के लिए सूचना व्यवस्था मजबूत करने के व्यावहारिक तरीकों के लिए एकजुट करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

....

पौड़ी

पौड़ी जिले के कोट ब्लॉक क्षेत्र में एक प्राचीन सुरंग की खोज ने इतिहास और पुरातत्व के क्षेत्र में नई उत्सुकता पैदा कर दी है। यह सुरंग गींठी छेड़ा झरने के नीचे दुर्गम इलाके में स्थित है, जिसका क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई की टीम ने प्रारंभिक निरीक्षण किया। गुफा के भीतर प्रवेश के लिए पत्थरों को काटकर बनाई गई छह सीढ़ियां मिली हैं, जो इसके मानव निर्मित होने की ओर स्पष्ट संकेत देती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रारंभिक आकलन के अनुसार, इस गुफा का उपयोग प्राचीन काल में बाहरी आक्रमणों और जंगली जानवरों से सुरक्षा के लिए आश्रय स्थल के रूप में किया जाता रहा होगा।

क्षेत्रीय पुरातत्व प्रभारी अनिरुद्ध सिंह बिष्ट ने बताया कि विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद ही इसकी स्थिति स्पष्ट होगी।

....

मौसम

प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। देहरादून और प्रदेश के कई हिस्सों में रुक–रुककर बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी इसी तरह का मौसम बने रहने का अनुमान जताया है।

मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के अनुसार आज और कल भी राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश जारी रहने की संभावना है। विभाग ने इस दौरान गरज के साथ बारिश और तेज आंधी–तूफान की चेतावनी दी है। देहरादून, टिहरी, हरिद्वार, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिलों में ओलावृष्टि और तेज बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि अन्य क्षेत्रों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

....

बागेश्वर

बागेश्वर जिले में रक्तदान को बढ़ावा देने और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेडक्रॉस सोसाइटी ने ब्लड डायरेक्टरी अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान जानकारी दी गई कि एक यूनिट रक्तदान से चार लोगों का जीवन बचाया जा सकता है, लेकिन वर्तमान में रक्त की मांग और उपलब्धता के बीच बड़ा अंतर बना हुआ है। इसी अंतर को पाटने के लिए

यह अभियान शुरू किया गया है। पहले चरण में 5 हजार रक्तदाताओं को ब्लड डायरेक्टरी से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव आलोक पांडे ने बताया कि अभियान के तहत बड़े स्तर पर रक्त समूह पंजीकरण किया जाएगा।

………………………………………………………………